# न्यायालय सहायक कलेक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी, बिलाड़ा,

पीठासीन अधिकारी :– हरिसिंह लम्बोरा, आर.ए.एस.

राजस्व प्रार्थना पत्र संख्या :– 159 / 2016

| प्रार्थी | बनाम | अप्रार्थी |
|---|---|---|
| 1. घीसूलाल पुत्र गुलाराम<br>2. लक्ष्मणराम पुत्र गुलाराम<br>3. नारायणलाल पुत्र गुलाराम<br>4. गोपाराम पुत्र गुलाराम<br>जातियान माली निवासीगण सहवाज हालमुकाम बरना तहसील बिलाड़ा, जिला जोधपुर | | 1. तहसीलदार बिलाड़ा<br>2. चम्पादेवी पत्नी फुलचन्द<br>3. मगराज पुत्र फुलचन्द<br>4. गौतमचन्द पुत्र फुलचन्द<br>जातियान ओसवाल निवासीगण पिचियाक तहसील बिलाड़ा जिला जोधपुर |

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956**

उपस्थिति :– 1. प्रार्थीगण की ओर से श्री सी.आर. चौधरी एडवोकेट
2. अप्रार्थी संख्या 1 सरकारी पैरोकार।
3. अप्रार्थी संख्या 2 से 4 के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही

**आदेश** दिनांक :– 10.05-2017

संक्षेप में मामले के तथ्य इस प्रकार है कि ग्राम पिचियाक तहसील बिलाड़ा जिला जोधपुर की सरहद में भूमि खसरा नम्बर 454 / 2 रकबा 97 बीघा 15 बिस्वा स्थित हैं। जिसकी खातेदारी चम्पादेवी बेवा स्व. फुलचन्द, मगराज, गौतमचन्द पिसरान स्व. श्री फुलचन्द जाति ओसवाल निवासी पिचियाक के नाम की है। जो जमाबन्दी संवत् 2041 से 2044 साथ में पेश है। उक्त खसरा की भूमि में से अप्रार्थी संख्या 2, 3, 4 ने अलग अलग बैचान के जरिये दिनांक 06.06.1987 को प्रथम खरीददार श्री रवि पुत्र नवरत्न व भवरलाल पुत्र कंवरीलाल को उपरोक्त खसरा नम्बर 454 / 2 रकबा 97 बीघा 15 बिस्वा में से 10 बीघा भूमि का बैचान कर दिया था जिसका म्यूटेशन राजस्व रेकर्ड में भरा जा चुका था। बाद में आगे उक्त खसरे की भूमि में से 10 बीघा का बैचान रवि व भंवरलाल ने प्रार्थीगण के हक में रजिस्टर्ड बैचान दिनांक 14.02.2001 को कर दिया था, जिसक म्यूटेशन संख्या 1057 प्रार्थी के नाम से स्वीकृत किया जा चुका है। उक्त वादग्रस्त खसरा नम्बर 454 / 2 रकबा 97 बीघा 15 बिस्वा भूमि में से अप्रार्थी संख्या 2 से 4 ने 12 बीघा 10 बिस्वा भूमि का बैचान भंवरलाल पुत्र कंवरीलाल को दिनांक 06.06.1987 को किया गया। जिस पर भंवरलाल ने उक्त अपने खरीदसुदा भूमि 12 बीघा 10 बिस्वा को आगे प्रार्थीगण को दिनांक 15.02.2001 को किया गया था। जिसका म्यूटेशन संख्या 1061 स्वीकृत किया जा चुका है। उक्त वादग्रस्त खसरा नम्बर 454 / 2 रकबा 97 बीघा 15 बिस्वा में से अप्रार्थी संख्या 2 से 4 ने 12 बीघा 10 बिस्वा भूमि का बैचान नवरत्न पुत्र सरदारमल को दिनांक 06.06.1987 को किया गया। जिस पर नवरत्न ने उक्त अपने खरीदसुदा भूमि का बैचाननामा प्रार्थीगण के हक में 16.01.2001 को कर दिया गया था। जिसका म्यूटेशन संख्या 1059 स्वीकृत किया जा चुका है। उक्त वादग्रस्त खसरा नम्बर 454 / 2 रकबा 97 बीघा 15 बिस्वा भूमि में से अप्रार्थी संख्या 2 से 4 ने 12 बीघा 10 बिस्वा भूमि का बैचान मीरा पत्नी भंवरलाल को दिनांक 06.06.1987 को किया गया। जिस पर मीरा ने प्रार्थीगण को दिनांक 14.02.2001 को रजिस्टर्ड बैचान आगे कर दिया। जिसका म्यूटेशन संख्या 1060 स्वीकृत किया जा चुका है। उक्त वादग्रस्त खसरा नम्बर 454 / 2 रकबा 97 बीघा 15 बिस्वा भूमि में से अप्रार्थी संख्या 2 से 4 ने 12 बीघा 10 बिस्वा भूमि का बैचान विद्या पत्नी नवरत्न को दिनांक 06.06.1987 को किया गया। जिस पर विद्या ने प्रार्थीगण को दिनांक 15.01.2001 को रजिस्टर्ड बैचान आगे कर दिया। जिसका म्यूटेशन संख्या 1058 स्वीकृत किया जा चुका है। उक्त वादग्रस्त खसरा नम्बर 454 / 2 रकबा 97 बीघा 15 बिस्वा भूमि में से अप्रार्थी संख्या 2 से 4 ने 15 बीघा भूमि का बैचान करणमल पुत्र सरदारमल को दिनांक 06.06.1987 को किया गया। जिस पर करणमल ने प्रार्थीगण को दिनांक 15.01.2001 को रजिस्टर्ड बैचान आगे कर दिया। जिसका म्यूटेशन संख्या 1063 स्वीकृत किया जा चुका है। वाद के पद संख्या 2 से 7 में वर्णित अलग अलग कुल भूमि 75 बीघा प्रार्थीगण ने क्रय की

थी, जिसका प्रार्थीगण के नाम से राजस्व रेककर्ड में अलग अलग बैचान के आधार पर म्यूटेशन वादग्रस्त खसरा नम्बर 454/2 में सवत् 2041 से 2044 तक की जमाबन्दी में भरा जा चुका था, शेष उक्त वादग्रस्त खसुरे की भूमि 454/2 में 22 बीघा 15 बिस्वा भूमि खातेदार चम्पादेवी, मगराज, गौतमचन्द के यथावत रहती है। वादग्रस्त खसरा की नई जमाबन्दी बनाते समय सवत् 2045 से 2048 में प्रार्थीगण के खरीदी गयी वाद के पद संख्या 2 से 7 में वर्णित कुल 75 बीघा भूमि का भूल से खसरा नम्बर 454/1 जो रकबा 75.बीघा हे उसमें प्रार्थीगण का बतौर खातेदार काश्तकार में दर्ज कर शेष 22 बीघा 15 बिस्वा भूमि चम्पादेवी, मगराज, गौतमचन्द ओसवाल के नाम से दर्शा दी गयी। जबकि खसरा नम्बर 454/1 कुल रकबा ही 75 बीघा है जबकि उक्त खसरा नम्बर 454/1 में से कोई बैचान नही हुआ है यह खसरा पहले से 75 बीघा है। जिसको तोडकर प्रार्थीगण के नाम राजस्व रेकर्ड में सवत् 2045 से 2048 की जमाबन्दी में राजस्व रेकर्ड में अमल दरामद कर लिया है जबकि प्रार्थीगण ने खसरा नम्बर 454/1 में से किसी भी प्रकार की भूमि क्रय नही की है खसरा नम्बर 454/1 अप्रार्थी संख्या 2 से 4 की खातेदारी का है। जो राजस्व रेकर्ड जमाबन्दी 2041 से 2044 में दर्ज है। खसरा नम्बर 454/2 रकबा 97 बीघा 15 बिस्वा पूर्व की भाति यथावत रख दिया गया है। खसरा नम्बर 454/2 में से कुल भूमि 75 बीघा भूमि का बैचान प्रार्थीगण के नाम से हो चुका है एवं म्यूटेशन भी जमाबन्दी संवत् 2041 से 2045 में भरा जा चुका है मगर आगे नई जमाबन्दी संवत् 2045 से 2048 तक बनाते समय खसरा नम्बर 454/1 में प्रार्थीगण के नाम म्यूटेशन दर्शाकर अप्रार्थी संख्या 2 से 4 के स्थान पर दर्शा दिया एवं अप्रार्थी संख्या 2 से 4 की शेष भूमि 22 बीघा 15 बिस्वा बता दी है। जो आज दिन तक राजस्व रेकर्ड में प्रार्थीगण का नाम खसरा नम्बर 454/1 में बतौर खातेदार काश्तकार चल रहा है। जिसको निरस्त किया जाकर खसरा नम्बर 454/2 में अमल दरामद किया जावे। अन्त में प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया कि खसरा नम्बर 454/2 रकबा 97 बीघा 15 बिस्वा में से 75 बीघा भूमि की शुद्धी की जावे।

प्रार्थीगण के प्रार्थना पत्र को दर्ज रजिस्टर किया गया अप्रार्थी संख्या 1 से 4 को नोटिस जारी किया गया अप्रार्थी संख्या 1 स्वयं उपस्थित हुए और उनकी तरफ से जवाब पेश किया गया जो जवाब इस प्रकार है कि प्रार्थना पत्र का पद संख्या 1 का जवाब इस प्रकार है कि ग्राम पिचियाक-तहसील बिलाड़ा की सरहद में स्थित भूमि खसरा नम्बर 454/2 रकबा 97 बीघा 15 बिस्वा आयी हुयी है, जिसकी खातेदारी मु. चम्पादेवी जोजे फुलचन्द, मगराज, गौतमचन्द पिसरान फुलचन्द जाति ओसवाल निवासी बिलाड़ा की है। प्रार्थना पत्र का पद संख्या 2 का जवाब इस प्रकार है कि खातेदार मु. चम्पादेवी जोजे फुलचन्द, मगराज, गौतमचन्द पिसरान फुलचन्द जाति ओसवाल ने अपनी रेकर्डेड खातेदारी भूमि खसरा नम्बर 454/2 रकबा 97 बीघा 15 बिस्वा में से 10 बीघा भूमि का बैचाननामा रवि पुत्र नवरतनमल, भंवरलाल पुत्र कचरीमल बोहरा को दिनांक 06.06.1987 को निस्पादित कर दिया, जिसका बैचाननामा दिनांक 06.06.1987 के आधार पर राजस्व रेकर्ड में म्यूटेशन संख्या 1057 स्वीकृत किया गया। इसी प्रकार खातेदार मु. चम्पादेवी जोजे फुलचन्द, मगराज, गौतमचन्द पिसरान फुलचन्द जाति ओसवाल ने अपनी रेकर्डेड खातेदारी भूमि खसरा नम्बर 454/2 रकबा 97 बीघा 15 बिस्वा में से 12 बीघा 10 बिस्वा भूमि का बैचाननामा विद्यादेवी पत्नी नवरतनमल को दिनांक 06.06.1987 को निस्पादित कर दिया, जिसका बैचाननामा दिनांक 06.06.1987 के आधार पर राजस्व रेकर्ड में म्यूटेशन संख्या 1058 स्वीकृत किया गया। इसी प्रकार खातेदार मु. चम्पादेवी जोजे फुलचन्द, मगराज, गौतमचन्द पिसरान फुलचन्द जाति ओसवाल ने अपनी रेकर्डेड खातेदारी भूमि खसरा नम्बर 454/2 रकबा 97 बीघा 15 बिस्वा में से 12 बीघा 10 बिस्वा भूमि का बैचाननामा नवरतनमल पुत्र सरदारमल को दिनांक 06.06.1987 को निस्पादित कर दिया, जिसका बैचाननामा दिनांक 06.06.1987 के आधार पर राजस्व रेकर्ड में म्यूटेशन संख्या 1059 स्वीकृत किया गया। इसी प्रकार आगे खातेदार मु. चम्पादेवी जोजे फुलचन्द, मगराज, गौतमचन्द पिसरान फुलचन्द जाति ओसवाल ने अपनी रेकर्डेड खातेदारी भूमि खसरा नम्बर 454/2 रकबा 97 बीघा 15 बिस्वा में से 12 बीघा 10 बिस्वा भूमि का बैचाननामा मीरा पत्नी नथमल को दिनांक 06.06.1987 को निस्पादित कर दिया, जिसका बैचाननामा दिनांक 06.06.1987 के आधार पर राजस्व रेकर्ड में म्यूटेशन संख्या 1060 स्वीकृत किया गया।

उपखण्ड अधिकारी
बिलाड़ा

इसी प्रकार खातेदार मु. चम्पादेवी जोजे फुलचन्द, मगराज, गौतमचन्द पिसरान फुलचन्द जाति ओसवाल ने अपनी रेकर्डेड खातेदारी भूमि खसरा नम्बर 454/2 रकबा 97 बीघा 15 बिस्वा में से 12 बीघा 10 बिस्वा भूमि का बैचाननामा भंवरलाल पुत्र कचरालाल बोहरा को दिनांक 06.06.1987 को निस्पादित कर दिया, जिसका बैचाननामा दिनांक 06.06.1987 के आधार पर राजस्व रेकर्ड में म्यूटेशन संख्या 1061 स्वीकृत किया गया। इसी प्रकार खातेदार मु. चम्पादेवी जोजे फुलचन्द, मगराज, गौतमचन्द पिसरान फुलचन्द जाति ओसवाल ने अपनी रेकर्डेड खातेदारी भूमि खसरा नम्बर 454/2 रकबा 97 बीघा 15 बिस्वा में से 15 बीघा भूमि का बैचाननामा करणमल पुत्र सरदारमल को दिनांक 06.06.1987 को निस्पादित कर दिया, जिसका बैचाननामा दिनांक 06.06.1987 के आधार पर राजस्व रेकर्ड में म्यूटेशन संख्या 1062 स्वीकृत किया गया। जवाब प्रार्थना पत्र के साथ म्यूटेशन संख्या 1057 से 1062 की नकल साथ संलग्न है। प्रार्थना पत्र का पद संख्या 3 का जवाब इस प्रकार है कि ग्राम पिचियाक तहसील बिलाड़ा की सरहद में स्थित भूमि खसरा नम्बर 454/2 रकबा 97 बीघा 15 बिस्वा का म्यूटेशन संख्या 1057 से 1062 के जरिये अलग-अलग बैचाननामा के तहत भूमि का विक्रय किया गया, जो खसरा नम्बर 454/2 रकबा 97 बीघा 15 बिस्वा में से 75 बीघा भूमि का बैचान किया जा चुका था। अतः अन्तिम रूप से खसरा नम्बर 454/2 रकबा 97 बीघा 15 बिस्वा में से 75 बीघा भूमि बैचान के बाद शेष 22 बीघा 15 बिस्वा भूमि बची जिसके रेकर्डेड खातेदार मु.चम्पादेवी जोजे फुलचन्द, मगराज, गौतमचन्द पिसरान फुलचन्द है। प्रार्थना पत्र का पद संख्या 4 का जवाब इस प्रकार है कि खसरा नम्बर 454/2 रकबा 97 बीघा 15 बिस्वा में से 75 बीघा भूमि का बैचान किया गया जो म्यूटेशन संख्या 1057 से 1062 के आधार पर राजस्व रेकर्ड में भूमि को अलग-अलग इन्द्राज किया गया उसके पश्चात् खातेदारों ने भूमि खसरा नम्बर 454/2 रकबा 97 बीघा 15 बिस्वा में से 75 बीघा का अलग-अलग बैचाननामा के आधार पर भूमि का विक्रय किया गया **जो इस प्रकार है** :- खसरा नम्बर 454/2 रकबा 12 बीघा 10 बिस्वा के रेकर्डेड खातेदार शेलेश, निलेश पिसरान भंवरलाल, अनुपमा पुत्री भंवरलाल ने घीसूलाल, नारायणलाल, लक्ष्मणराम, गोपाराम पिसरान गुलाराम माली को बैचान दिनांक 14.02.2001 को कर दिया जिसका बैचाननामा के आधार पर म्यूटेशन संख्या 1660 स्वीकृत किया गया। इसी प्रकार खसरा नम्बर 454/2 रकबा 12 बीघा 10 बिस्वा के रेकर्डेड खातेदार नवरतनमल पुत्र सरदारमल ने घीसूलाल, नारायणलाल, लक्ष्मणराम, गोपाराम पिसरान गुलाराम माली को बैचान दिनांक 16.01.2001 को कर दिया जिसका बैचाननामा के आधार पर म्यूटेशन संख्या 1661 स्वीकृत कियां गया। इसी के तहत खसरा नम्बर 454/2 रकबा 12 बीघा 10 बिस्वा के रेकर्डेड खातेदार शेलेश, निलेश पिसरान भंवरलाल, अनुपमा पुत्री भंवरलाल ने घीसूलाल, नारायणलाल, लक्ष्मणराम, गोपाराम पिसरान गुलाराम माली को बैचान दिनांक 14.02.2001 को कर दिया जिसका बैचाननामा के आधार पर म्यूटेशन संख्या 1663 स्वीकृत किया गया। इसी प्रकार खसरा नम्बर 454/2 रकबा 12 बीघा 10 बिस्वा के रेकर्डेड खातेदार शेलेश, निलेश पिसरान भंवरलाल, अनुपमा पुत्री भंवरलाल ने घीसूलाल, नारायणलाल, लक्ष्मणराम, गोपाराम पिसरान गुलाराम माली को बैचान दिनांक 15.02.2001 को कर दिया जिसका बैचाननामा के आधार पर म्यूटेशन संख्या 1658 स्वीकृत किया गया। इसी प्रकार आगे खसरा नम्बर 454/2 रकबा 12 बीघा 10 बिस्वा के रेकर्डेड खातेदार विद्यादेवी पत्नी नवरतनमल ने घीसूलाल, नारायणलाल, लक्ष्मणराम, गोपाराम पिसरान गुलाराम माली को बैचान दिनांक 15.01.2001 को कर दिया जिसका बैचाननामा के आधार पर म्यूटेशन संख्या 1659 स्वीकृत किया गया। जवाब प्रार्थना पत्र के साथ म्यूटेशन संख्या 1660 से 1663, 1658, 1659 की नकल तथा जमाबन्दी संवत् 2053 से 2056 की नकल साथ संलग्न है। प्रार्थना पत्र का पद संख्या 5 का जवाब इस प्रकार है कि ग्राम पिचियाक तहसील बिलाड़ा की सरहद में स्थित भूमि खसरा नम्बर 454/2 रकबा 97 बीघा 15 बिस्वा में से 75 बीघा भूमि के रेकर्डेड खातेदार अन्तिम रूप से घीसूलाल, नारायणलाल, लक्ष्मणराम, गोपाराम पिसरान गुलाराम माली साकिन बरना है और शेष बची भूमि 22 बीघा 15 बिस्वा के रेकर्डेड खातेदार मु. चम्पादेवी जोजे फुलचन्द, मगराज, गौतमचन्द पिसरान फुलचन्द जाति ओसवाल है लेकिन भूलवश या त्रुटिवश जमाबन्दी संवत् 2053 से 2056 की जमाबन्दी में भूमि खसरा नम्बर 454/2 रकबा 22 बीघा 15 बिस्वा की बजाय भूमि खसरा नम्बर 454/2 रकबा 97 बीघा 15 बिस्वा दर्ज कर दिया गया, जो एक सहवन त्रुटी है।

ण्ड अधिकारी
बिलाड़ा

इसी प्रकार खसरा नम्बर 454/1 रकबा 97 बीघा 15 बिस्वा राजस्व रेकर्ड में अलग खसरा है लेकिन सहवन से खसरा नम्बर 454/1 रकबा 75 बीघा के बजाय जमाबन्दी संवत् 2065 से 2068 में खसरा नम्बर 454/2 रकबा 97 बीघा 15 बिस्वा दर्ज कर दिया गया जो एक सहवन त्रुटि है। प्रार्थना पत्र का पद संख्या 6 का जवाब इस प्रकार है कि ग्राम पिचियाक तहसील बिलाड़ा की सरहद में भूमि खसरा नम्बर 454/2 रकबा 97 बीघा 15 बिस्वा तथा खसरा नम्बर 454/1 रकबा 97 बीघा 15 बिस्वा की निम्नानुसार खसरा की दुरुस्ती की जाना उचित है जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. स. | वर्तमान जमाबन्दी अनुसार खातेदार का नाम तथा खसरा नम्बर व रकबा | रेकर्ड दुरूस्ती के अनुसार खातेदार का नाम व खसरा नम्बर तथा रकबा |
|---|---|---|
| 1. | मु. चम्पादेवी जोजे फुलचन्द, मगराज, गौतमचन्द पिसरान फुलचन्द जाति ओसवाल साकिन बिलाड़ा, खसरा नम्बर 454/2 रकबा 22 बीघा 15 बिस्वा | मु. चम्पादेवी जोजे फुलचन्द, मगराज, गौतमचन्द पिसरान फुलचन्द जाति ओसवाल साकिन बिलाड़ा, **खसरा नम्बर 454/2 रकबा 22 बीघा 15 बिस्वा** |
| 2. | घीसूलाल, लक्ष्मणराम, नारायणराम, गोपाराम पिसरान गुलाराम जाति माली निवासी बरना, खसरा नम्बर 454/3 रकबा 12 बीघा 10 बिस्वा | घीसूलाल, लक्ष्मणराम, नारायणराम, गोपाराम पिसरान गुलाराम जाति माली निवासी बरना, **खसरा नम्बर 454/3 रकबा 12 बीघा 10 बिस्वा** |
| 3. | घीसूलाल, लक्ष्मणराम, नारायणराम, गोपाराम पिसरान गुलाराम जाति माली निवासी बरना, खसरा नम्बर 454 मिन 03 रकबा 10 बीघा | घीसूलाल, लक्ष्मणराम, नारायणराम, गोपाराम पिसरान गुलाराम जाति माली निवासी बरना, **खसरा नम्बर 454/4 रकबा 10 बीघा** |
| 4. | घीसूलाल, लक्ष्मणराम, नारायणराम, गोपाराम पिसरान गुलाराम जाति माली निवासी बरना, खसरा नम्बर 454/5 रकबा 12 बीघा 10 बिस्वा | घीसूलाल, लक्ष्मणराम, नारायणराम, गोपाराम पिसरान गुलाराम जाति माली निवासी बरना, **खसरा नम्बर 454/5 रकबा 12 बीघा 10 बिस्वा** |
| 5. | घीसूलाल, लक्ष्मणराम, नारायणराम, गोपाराम पिसरान गुलाराम जाति माली निवासी बरना, खसरा नम्बर 454/मिन1 रकबा 12 बीघा 10 बिस्वा | घीसूलाल, लक्ष्मणराम, नारायणराम, गोपाराम पिसरान गुलाराम जाति माली निवासी बरना, **खसरा नम्बर 454/6 रकबा 12 बीघा 10 बिस्वा** |
| 6. | घीसूलाल, लक्ष्मणराम, नारायणराम, गोपाराम पिसरान गुलाराम जाति माली निवासी बरना, खसरा नम्बर 454/मिन2 रकबा 12 बीघा 10 बिस्वा | घीसूलाल, लक्ष्मणराम, नारायणराम, गोपाराम पिसरान गुलाराम जाति माली निवासी बरना, **खसरा नम्बर 454/7 रकबा 12 बीघा 10 बिस्वा** |
| 7. | घीसूलाल, लक्ष्मणराम, नारायणराम, गोपाराम पिसरान गुलाराम जाति माली निवासी बरना, खसरा नम्बर 454/2मिन रकबा 15 बीघा | घीसूलाल, लक्ष्मणराम, नारायणराम, गोपाराम पिसरान गुलाराम जाति माली निवासी बरना, **खसरा नम्बर 454/8 रकबा 15 बीघा** |
| | मु. चम्पादेवी जोजे फुलचन्द, मगराज, गौतमचन्द पिसरान फुलचन्द जाति ओसवाल साकिन बिलाड़ा, खसरा नम्बर 454/2 रकबा 97 बीघा 15 बिस्वा | मु. चम्पादेवी जोजे फुलचन्द, मगराज, गौतमचन्द पिसरान फुलचन्द जाति ओसवाल साकिन बिलाड़ा, **खसरा नम्बर 454/1 रकबा** 75 **बीघा** [illegible] **बिस्वा** |

अन्त में जवाब प्रस्तुत कर निवेदन है कि अप्रार्थी का जवाब रेकर्ड पर लेकर उपरोक्त अनवान के प्रार्थना पत्र में उचित आदेश फरमावे।

उभय पक्षकारान के वकुलाय की बहस सुनी गयी, वकील प्रार्थी ने अपनी बहस में प्रार्थना पत्र के तथ्यों को दोहराया। पत्रावली का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया गया जिससे पाया गया कि ग्राम पिचियाक तहसील बिलाड़ा की सरहद में स्थित भूमि खसरा नम्बर 454/2 रकबा 97 बीघा 15 बिस्वा में से 75 बीघा भूमि के रेकर्डेड खातेदार अन्तिम रूप से घीसूलाल, नारायणलाल, लक्ष्मणराम, गोपाराम पिसरान गुलाराम माली साकिन बरना है और शेष बची भूमि 22 बीघा 15 बिस्वा के रेकर्डेड खातेदार मु. चम्पादेवी जोजे फुलचन्द, मगराज, गौतमचन्द पिसरान फुलचन्द जाति ओसवाल है लेकिन भूलवश या त्रुटिवश जमाबन्दी संवत् 2053 से 2056 की जमाबन्दी में भूमि खसरा नम्बर 454/2 रकबा 22 बीघा 15 बिस्वा की बजाय भूमि खसरा नम्बर 454/2 रकबा 97 बीघा 15 बिस्वा दर्ज कर दिया गया, जो एक सहवन त्रुटी है। इसी प्रकार खसरा नम्बर 454/1 रकबा 97 बीघा 15 बिस्वा राजस्व रेकर्ड में अलग खसरा है लेकिन सहवन से खसरा नम्बर 454/1 रकबा 75 बीघा के बजाय जमाबन्दी संवत् 2065 से 2068 में खसरा नम्बर 454/2 रकबा 97 बीघा 15 बिस्वा दर्ज कर दिया गया जो एक सहवन त्रुटि है। अप्रार्थी संख्या 1 द्वारा अपने जवाब के पद संख्या 6 में ग्राम पिचियाक तहसील बिलाड़ा की सरहद में खसरा नम्बर 454/2 रकबा 97

अधिकारी
बिलाड़ा

बीघा 15 बिस्वा तथा खसरा नम्बर 454/1 रकबा 97 बीघा 15 बिस्वा की निम्नानुसार खसरा की दुरूस्ती की जाने की अभिशंषा भी की गयी है।

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार बिलाड़ा को आदेश प्रदान किया जाता है कि वो ग्राम पिचियाक तहसील बिलाड़ा की सरहद में भूमि खसरा नम्बर 454/2 रकबा 97 बीघा 15 बिस्वा तथा खसरा नम्बर 454/1 रकबा 97 बीघा 15 बिस्वा की निम्नानुसार खसरा की दुरूस्ती राजस्व रेकर्ड वर्तमान जमाबन्दी में अंकित करे, जो निम्नानुसार है :–

| क्र.स. | वर्तमान जमाबन्दी अनुसार खातेदार का नाम तथा खसरा नम्बर व रकबा | **रेकर्ड दुरूस्ती के अनुसार खातेदार का नाम व खसरा नम्बर तथा रकबा** |
|---|---|---|
| 1. | मु. चम्पादेवी जोजे फुलचन्द, मगराज, गौतमचन्द पिसरान फुलचन्द जाति ओसवाल साकिन बिलाड़ा, खसरा नम्बर 454/2 रकबा 22 बीघा 15 बिस्वा | मु. चम्पादेवी जोजे फुलचन्द, मगराज, गौतमचन्द पिसरान फुलचन्द जाति ओसवाल साकिन बिलाड़ा, **खसरा नम्बर 454/2 रकबा 22 बीघा 15 बिस्वा** |
| 2. | घीसूलाल, लक्ष्मणराम, नारायणराम, गोपाराम पिसरान गुलाराम जाति माली निवासी बरना, खसरा नम्बर 454/3 रकबा 12 बीघा 10 बिस्वा | घीसूलाल, लक्ष्मणराम, नारायणराम, गोपाराम पिसरान गुलाराम जाति माली निवासी बरना, **खसरा नम्बर 454/3 रकबा 12 बीघा 10 बिस्वा** |
| 3. | घीसूलाल, लक्ष्मणराम, नारायणराम, गोपाराम पिसरान गुलाराम जाति माली निवासी बरना, खसरा नम्बर 454 मिन 03 रकबा 10 बीघा | घीसूलाल, लक्ष्मणराम, नारायणराम, गोपाराम पिसरान गुलाराम जाति माली निवासी बरना, **खसरा नम्बर 454/4 रकबा 10 बीघा** |
| 4. | घीसूलाल, लक्ष्मणराम, नारायणराम, गोपाराम पिसरान गुलाराम जाति माली निवासी बरना, खसरा नम्बर 454/5 रकबा 12 बीघा 10 बिस्वा | घीसूलाल, लक्ष्मणराम, नारायणराम, गोपाराम पिसरान गुलाराम जाति माली निवासी बरना, **खसरा नम्बर 454/5 रकबा 12 बीघा 10 बिस्वा** |
| 5. | घीसूलाल, लक्ष्मणराम, नारायणराम, गोपाराम पिसरान गुलाराम जाति माली निवासी बरना, खसरा नम्बर 454/मिन1 रकबा 12 बीघा 10 बिस्वा | घीसूलाल, लक्ष्मणराम, नारायणराम, गोपाराम पिसरान गुलाराम जाति माली निवासी बरना, **खसरा नम्बर 454/6 रकबा 12 बीघा 10 बिस्वा** |
| 6. | घीसूलाल, लक्ष्मणराम, नारायणराम, गोपाराम पिसरान गुलाराम जाति माली निवासी बरना, खसरा नम्बर 454/मिन2 रकबा 12 बीघा 10 बिस्वा | घीसूलाल, लक्ष्मणराम, नारायणराम, गोपाराम पिसरान गुलाराम जाति माली निवासी बरना, **खसरा नम्बर 454/7 रकबा 12 बीघा 10 बिस्वा** |
| 7. | घीसूलाल, लक्ष्मणराम, नारायणराम, गोपाराम पिसरान गुलाराम जाति माली निवासी बरना, खसरा नम्बर 454/2मिन रकबा 15 बीघा | घीसूलाल, लक्ष्मणराम, नारायणराम, गोपाराम पिसरान गुलाराम जाति माली निवासी बरना, **खसरा नम्बर 454/8 रकबा 15 बीघा** |
| 8. | मु. चम्पादेवी जोजे फुलचन्द, मगराज, गौतमचन्द पिसरान फुलचन्द जाति ओसवाल साकिन बिलाड़ा, खसरा नम्बर 454/2 रकबा 97 बीघा 15 बिस्वा | मु. चम्पादेवी जोजे फुलचन्द, मगराज, गौतमचन्द पिसरान फुलचन्द जाति ओसवाल साकिन बिलाड़ा, **खसरा नम्बर 454/1 रकबा** 75 बीघा 0 बिस्वा |

(हरिसिंह लम्बोरा)
**उपखण्ड अधिकारी**
**बिलाड़ा**

आदेश आज दिनांक 10.5.2017 को मेरे हस्ताक्षर द्वारा न्यायालय की मुद्रा से जारी कर सरे इजलाश सुनाया गया।

(हरिसिंह लम्बोरा)
उपखण्ड अधिकारी
बिलाड़ा